Rajasthan Samragh Kalyan Sansthan

// सर्वे भवन्तु सुखिन //

RSKS India

# दैनिक भास्कर

GlobalGiving

**शिक्षण सामग्री वितरित :** राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान एवं ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में राबाप्रावि भावता में शिक्षण सामग्री का वितरण, पोस्टर प्रतियोगिता व पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम संचालन शाला प्रधान रतन लाल गुर्जर ने किया। अध्यक्षता समन्वयक दीपक शर्मा ने की। संस्था के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एसएन शर्मा के अनुसार बच्चों को निशुल्क पेंसिल, रबर, शॉपनर, बॉक्स आदि वितरित किए गए। जागरूकता के लिए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को लेकर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

**13-10-2017**

## बैग मेकिंग प्रशिक्षण का शुभारंभ

अजमेर | राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान एवं ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को माकड़वाली में बैग मेकिंग प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया, जिसमें 30 स्कूल ड्राप आउट महिलाओं एवं बालिकाओं को निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम संचालन परियोजना प्रभारी संदीप शर्मा ने किया। कार्यक्रम में पंचायत समिति सदस्य कमल शर्मा मुख्य अतिथि थे।

खुशवंत कुमार मंजरी फाउंडेशन से कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यकारी अधिकारी एसएन शर्मा के अनुसार बैग मेकिंग प्रशिक्षण माकड़वाली गांव शुरू किया गया। प्रशिक्षण में जुट बैग, लेडीज फैंसी बैग, स्कूल बैग, कपड़े के बैग व अलग-अलग तरह के अन्य फैंसी बैग निर्मित करना सिखाया जाएगा। संस्था इसी उद्देश्य के साथ महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दे रही है व अभी तक पीसांगन ब्लॉक में अलग-अलग गांवों में सफलतापूर्वक प्रशिक्षण के माध्यम से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया है। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर मीनू, मंजरी फाउंडेशन की सदस्य अनिता संस्था के कार्यकर्ता दीपक का योगदान रहा।

**10-10-2017**

## बाढ़ पीड़ित परिवारों को बांटी राहत सामग्री



अजमेर | राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा बुधवार को पश्चिमी क्षेत्र से आई बाढ में बाड़मेर के धोरीमन्ना व चेनपुरा में राहत सामग्री का वितरण किया गया। राहत सामग्री के अंतर्गत 423 परिवारों का चयन किया गया। बाढ़ पीड़ित 223 परिवारों को राशन किट बांटे गए। साथ ही सभी परिवारों को एक-एक कंबल व मच्छरदानी का वितरण किया गया। संस्था दस परिवारों के घरों का निर्माण कराएगी व 400 कंबलों का वितरण भी करेगी। संस्था के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एसएन शर्मा ने बताया कि बाड़मेर में आई बाढ़ ने जनजीवन प्रभावित किया है। शिविर के अंतर्गत बाड़मेर के धोरीमन्ना व चेनपुरा में राहत सामग्री शिविर किया गया। इसमें राहत सामग्री किट व मच्छरदानी व कंबल का वितरण किया गया। शिविर में संस्था कार्यकर्ता संदीप, प्रशांत, दिलीप ने राहत सामग्री वितरण में सहयोग प्रदान किया।

**28-9-2017**

## महिला सशक्तिकरण पर कार्यशाला का आयोजन

अजमेर| राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान एवं ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में महिला अधिकारों के प्रति जागरूकता शिविर लगाया जाएगा। पीसांगन ब्लॉक के अलग-अलग गांवों कंवलाई, किल्ला, दौलतखेड़ा, भीमपुरा आदि में लगाया जाएगा, जिसमें महिला अधिकारों के प्रति जागरूकता अभियान, हस्ताक्षर अभियान, जागरूकता रैली निकाली जाएगी।

जागरूकता शिविर के अंतर्गत महिलाओं ने अपने अधिकार जाने जो की संस्था समन्वयक दीपक शर्मा ने दिए। साथ ही जागरूकता रैली निकाली जो गांव में जागरूकता का माध्यम बनी महिला को जागरूक करने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने महिलाओं के सामने अपने विचार रखे व महिला पर्यवेक्षक आशा माथुर ने महिलाओं को निरंतर आगे बढ़ने व लड़की की शिक्षा को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। संस्था के कार्यकारी अधिकारी एसएन शर्मा के अनुसार महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत संस्था द्वारा अलग-अलग गांवों में महिला अधिकारों के प्रति वर्कशॉप, रैली, हस्ताक्षर अभियान किए गए। जिसमें 60 से अधिक अलग-अलग गांवों की महिलाओं ने भाग लिया। जागरूकता शिविर को सफल बनाने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका अहम रही। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संतोष, सरला, लक्ष्मी, पूजा संस्था की तरफ से संदीप गोपाल का योगदान सराहनीय रहा।

**23-9-2017**

## महिलाओं को सिलाई मशीन का वितरण

अजमेर| आजीविका विकास के लिए 'किरण' कार्यक्रम के अंतर्गत राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान एवं ग्लोबल गिविंग के संयुक्त तत्वावधान में माखुपुरा में 9 जरूरतमंद महिलाओं, विधवा, सिंगल महिला, परित्यक्ता महिलाओं को सिलाई मशीन का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माखुपुरा वार्ड पार्षद नगर निगम गीतांजलि ने शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथि करण सिंह थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान परियोजना अधिकारी दीपक शर्मा ने की।



राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान निशुल्क शिलाइ मशीन का वितरण करते हुए।

संस्थान के मुख्य कार्यक्रम अधिकारी एसएन शर्मा के अनुसार संस्थान जरूरतमंद, विधवा, सिंगल परित्यक्ता व निर्धन महिलाओं के लिए आजीविका विकास के साधन व सिलाई मशीन उपलब्ध कराता है। संस्थान का उद्देश्य जरूरतमंद व निर्धन महिलाओं को स्वरोजगार विकास के लिए आत्मनिर्भर बनाना व सशक्त करना है।

इस मौके पर बताया गया कि राजस्थान संस्थान अब तक 74 निर्धन महिलाओं को सिलाई मशीन का वितरण कर चुका है। सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम में मास्टर प्रशिक्षण मीनू, संस्थान कार्यकर्ता प्रशांत व संदीप का योगदान सराहनीय रहा।

**25-7-2017**

Rajasthan Samragh Kalyan Sansthan

// सर्वे भवन्तु सुखिन //

RSKS India

दैनिक भास्कर

GlobalGiving

## 205 बालिकाओं को शिक्षण सामग्री वितरित

अजमेर| राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय गांव बरना अजमेर में राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान व ग्लोबल गिविंग फांडेशन के संयुक्त तत्वावधान में 205 बालिकाओं को शिक्षा हमारा अधिकार है के अंतर्गत हेयर रिबन, स्कूल बेग, स्कूल ड्रेस, पानी की बोतल, स्टेशनरी, किट, नोटबुक का वितरण किया गया। संस्थान की ओर से विद्यालय परिसर में फलदान 40 पौधे लगाए। इसके साथ ही विद्यालय में महिला हिंसा उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत पोस्टर प्रतियोगिता हुई। जिसका विषय शिक्षा हमारा अधिकार है रखा गया। जिसमें 30 बालिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाली छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए गए। एसएन शर्मा के अनुसार संस्था शिक्षा हमारा अधिकार है के तहत स्कूल की सामग्री का वितरण बच्चों के उज्वल भविष्य व शिक्षा में किसी भी प्रकार की कोई बाधा न आए इसको ध्यान में रखकर किया गया। शाला प्रधान मद्धुला जैन, शिवराज, सुरेन्द्र, संतोष, विमला, मंजू व संस्था कार्यकर्ता, श्याम सुंदर, दिलीप कुमार सांखला, दीपक शर्मा का योगदान सराहनीय रहा।

**07-08-2017**

## प्रोटीनयुक्त खाद्य सामग्री बांटी

अजमेर | मानवता कार्यक्रम के अंतर्गत जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान एवं ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान से टीबी (एमडीआर) के 5 मरीजों को असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. राजवीर व डॉ. अंकुर गुप्ता द्वारा 5 मरीजों को निशुल्क प्रोटीन युक्त खाद्य सामग्री सोया, दाल, अंडे, चनादाल, प्रोटिनेक्स का वितरण किया गया। संस्था के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एसएन शर्मा ने बताया कि पिछले 5 माह से हर महीने इन रोगियों को प्रोटीन युक्त खाद्य सामग्री का वितरण कर रही है। संस्था की ओर से दीपक, संदीप, प्रशांत का योगदान सराहनीय रहा।

## कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण

**14-07-2017**

## समर कैंप का समापन समारोह



अजमेर | सर्वांगीण विकास के लिए राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान एवं ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में भावता व कव्लाई पुष्कर में एक माह के समर कैंप का रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ समापन किया गया। कार्यक्रम का समापन पिंकी सरपंच, मुरलीधर जांगिड़ वार्ड पंच ने दीप प्रज्ज्वलित करके की। इसी के साथ ही आशीश वचनों से बच्चों को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन दीपक शर्मा ने किया व अध्यक्षता अंजलि वैष्णव ने की। संस्था के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एसएन शर्मा के अनुसार संस्था द्वारा संचालित पाठशाला ब्लाक के विभिन्न गांवों में चलाई जा रही है।

**07-07-2017**

## बैग मेकिंग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

अजमेर राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान एवं ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में भाकड़वाली में सोमवार को डिजाइनर बैग मेकिंग कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। संस्था के कार्यकारी अधिकारी एस.एन. शर्मा ने बताया कि इसमें 30 स्कूल ड्रॉप आउट बालिकाओं व महिलाओं को नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें मास्टर ट्रेनर मीनू, मंजरी फाउंडेशन की सदस्य अनीता व संस्था के कार्यकर्ता दीपक का सहयोग रहेगा।

**10-10-2017**

## इंग्लिश स्पीकिंग बुक वितरण



अजमेर | रामगंज स्थित राउमावि में राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान एवं ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में इंग्लिश स्पीकिंग बुक का निशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य कौशल्या शर्मा ने की। संस्था के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एसएन शर्मा के अनुसार संस्था द्वारा 12वीं कक्षा की 15 बालिकाओं को इंग्लिश स्पीकिंग बुक का वितरण किया गया। 144 उच्च माध्यमिक की छात्राओं को सैनेटरी नैपकिन पैकेट का वितरण किए गए। संस्था की ओर से दीपक, संदीप, प्रशांत का योगदान रहा।

**11-07-2017**

Rajasthan Samragh Kalyan Sansthan

// सर्वे भवन्तु सुखिन //

RSKS India

दैनिक भास्कर

GlobalGiving

## महिलाओं को सिलाई मशीन का वितरण

अजमेर| आजीविका विकास के लिए "किरण" कार्यक्रम के अंतर्गत राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान एवं ग्लोबल गिविंग के संयुक्त तत्वावधान में माखुपुरा में 9 जरूरतमंद महिलाओं, विधवा, सिंगल महिला, परित्यक्ता महिलाओं को सिलाई मशीन का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माखुपुरा वार्ड पार्षद नगर निगम गीतांजलि ने शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथि करण सिंह थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान परियोजना अधिकारी दीपक शर्मा ने की।



राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान निशुल्क शिलाइ मशीन का वितरण करते हुए।

संस्थान के मुख्य कार्यक्रम अधिकारी एसएन शर्मा के अनुसार संस्थान जरूरतमंद, विधवा, सिंगल परित्यक्ता व निर्धन महिलाओं के लिए आजीविका विकास के साधन व सिलाई मशीन उपलब्ध कराता है। संस्थान का उद्देश्य जरूरतमंद व निर्धन महिलाओं को स्वरोजगार विकास के लिए आत्मनिर्भर बनाना व सशक्त करना है।

इस मौके पर बताया गया कि राजस्थान संस्थान अब तक 74 निर्धन महिलाओं को सिलाई मशीन का वितरण कर चुका है। सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम में मास्टर प्रशिक्षण मीनू, संस्थान कार्यकर्ता प्रशांत व संदीप का योगदान सराहनीय रहा।

**25-07-2017**

## बच्चों के लिए निशुल्क पाठशाला का आयोजन

अजमेर | पंचायत समिति पीसांगन गांव कंवलाई में राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान एवं ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में पाठशाला का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का संचालन परियोजना समन्वयक दीपक शर्मा व कार्यक्रम की अध्यक्षता आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संतोष वैष्णव ने की। पाठशाला का उद्घाटन गांव खोरी की सरपंच पिंकी मेघवंशी व वार्ड पंच रतन कंवर ने फीता काटकर किया। संस्था के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एसएन शर्मा ने बताया की पाठशाला का उद्देश्य शिक्षा ही नहीं अपितु हर क्षेत्र में बच्चों को आगे बढ़ाना है। कार्यक्रम में संस्था कार्यकर्ता रवि व शिक्षिका अंजली वैष्णव ने योगदान दिया।

**21-04-2017**

## 201 प्रशिक्षुओं को प्रमाण-पत्र व पुरस्कार बांटे

अजमेर| राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान के माध्यम से किसान भवन में तीन दिवसीय व्यावसायिक प्रशिक्षण से लाभांवित महिलाओं, बालिका प्रशिक्षुओं को प्रमाण-पत्र एवं सफल महिला स्वरोजगार को पुरस्कार वितरण कर प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अग्रणी जिला बैंक प्रबंधक आरके जांगिड़, विशिष्ट अतिथि नाबार्ड के जिला प्रबंधक बीबी खरबंदा व आईसीआईसीआई के क्षेत्रीय अधिकारी संजय गोयल मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एसएन शर्मा ने की। इस कार्यक्रम में 201 महिलाओं/




बालिकाओं ने भाग लिया। संस्था की तरफ से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, कन्या भ्रूण हत्या, लैगिक असमानता जैसी कुरीतियों के बारे में संदर्भ प्रशिक्षण दीपक शर्मा से कार्यशाला व हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से जानकारी दी। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर मीनू, कृष्णा, पायल चंदू व सुमन को सराहनीय कार्य करने के लिए पुरस्कार से नवाजा गया व स्वरोजगार करने वाली सफल महिलाओं, बालिकाओं को भी पुरस्कार बांटे। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एसएन शर्मा ने बताया कि संस्था महिला सशक्तीकरण के लिए दृढ़ संकल्प के साथ प्रयासरत है। प्रतिवर्ष 500 से अधिक युवा बालिकाओं व महिलाओं को संस्था कई व्यावसायिक कौशल प्रशिक्षण के द्वारा आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बना रही है। संस्था के कार्यकर्ता संदीप शर्मा, प्रशांत पिगोलिया व दीपक शर्मा का योगदान सराहनीय रहा।

**22-06-2017**

## नहीं करने की ली शपथ

राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान एवं ग्लोबल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार से तीन दिवसीय बाल विवाह उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन पीसांगन ब्लॉक के 9 गांवों देवनगर, कावलाई, खोरी, चावंडिया, आम्बा, मशीनिया, सराधना, नाथुतला व बस्सी में किया गया। परियोजना अधिकारी दीपक शर्मा व समन्वयक संदीप ने बताया कि गांवों में घर-घर जाकर बाल विवाह रोकने, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे संदेश कठपुतली शो, प्रश्नोत्तरी आदि के माध्यम

**25-07-2017**

## महिलाओं की ओर से उत्पादित हैंडीक्राफ्ट प्रदर्शनी

अजमेर|ग्राम सराधना में राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान एवं ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन के माध्यम से महिलाओं एवं युवा बालिकाओं के लिए हैंडीक्राफ्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सराधना के पूर्व सरपंच मुकेश मंडावरिया व वार्ड पंच प्रभुलाल ने फीता काटकर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एनएन शर्मा के अनुसार दो माह तक आयोजित प्रशिक्षण में 30 स्कूल ड्राप आउट व वंचित समुदाय की महिलाओं व बालिकाओं ने भाग लिया।

**18-09-2016**

# राजस्थान पत्रिका

Rajasthan Samragh Kalyan Sansthan
// सर्वे भवन्तु सुखिन //
RSKS India

GlobalGiving

## जागरुकता अभियान



अजमेर. राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान के तत्वावधान में गुरुवार को भांवता, नूरियावास, आम्बा में महिला हिंसा उन्मूलन प्रोजेक्ट के तहत जागरुकता अभियान चलाया। दीनदयाल पेट्रोलियम यूनिवर्सिटी के छात्र अतीक, लक्ष्य, अंकित, मानव, संदीप आदि ने नुक्कड़ नाटक का मंचन कर ग्रामीणों को महिला हिंसा, बाल विवाह और अन्य कुरीतियों की जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों को बाल विवाह और महिला हिंसा नहीं करने की शपथ दिलाई। संस्था प्रभारी एस.एन. शर्मा आदि मौजूद थे।

**24-06-2016**



राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान के तत्वावधान में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में हिस्सा लेते बच्चे।

**28-01-2017**

## गणवेश और शिक्षण सामग्री वितरित

अजमेर. राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान और ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन के तत्वावधान में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बरना में बालिकाओं को गणवेश, स्कूल बैग, पानी की बोतल, कॉपी-किताबों का वितरण किया गया। इस दौरान स्कूल में 40 पौधे लगाए गए। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एस. एन. शर्मा, शिवराज, संतोष, विमला, मंजू, शाला प्रधान मृदुला जैन और अन्य मौजूद रहे।

**07-08-2017**

## शिक्षा विकास कार्यक्रम

अजमेर. राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान और ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन के तत्वावधान में राजकीय बालिका विद्यालय डूंगरिया कला में शिक्षा विकास कार्यक्रम हुआ। इस दौरान चौथी कक्षा के विद्यार्थियों को किताबों का सेट वितरित किया गया। प्राचार्य राजकुमारी मखीजा, संस्था के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एस. एन. शर्मा और अन्य शामिल हुए। अध्यक्षता दीपक शर्मा ने की। इस दौरान पौधरोपण भी किया गया।

**20-09-2017**

Rajasthan Samragh Kalyan Sansthan
// सर्वे भवन्तु सुखिन //
RSKS India

# राजस्थान पत्रिका

GlobalGiving

## पाठ्य सामग्री और सिलाई मशीन वितरित

अजमेर. राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान और ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को कार्यक्रम हुआ। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय रामगंज में 30 बालिकाओं को



पाठ्य सामग्री और गृह विज्ञान की छात्राओं को निःशुल्क सिलाई मशीन वितरित की गई। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एस.एन. शर्मा ने कहा कि बालिका शिक्षा को अधिकाधिक बढ़ावा देने की आवश्यकता है। इस दौरान छात्राओं को कॉपी, किताब, ज्योमेट्री बॉक्स, कलर सेट और अन्य सामग्री वितरित की गई। प्राचार्य कौशल्या शर्मा ने स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रबंधक दीपक शर्मा, संतोष, संदीप और अन्य मौजूद रहे।

**05-05-2017**

## खेलकूद सामग्री वितरित



किशनगढ़ के बरना स्कूल में सामग्री वितरण करते अतिथि। पत्रिका

मदनगंज-किशनगढ़@पत्रिका. राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय बरना में राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान की ओर से छात्राओं को खेलकूद सामग्री का वितरण किया गया। प्रधानाध्यापिका मृदुला जैन ने विद्यालय के बारे में बताया। संस्थान प्रमुख एस.एन. शर्मा ने सम्बोधित किया। शारीरिक शिक्षक शिवराज ने आभार जताया।

**30-09-2016**

## रैली निकाली

राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान के तत्वावधान में लैंगिक समानता और महिला अधिकार जागरुकता पर रैली निकाली गई। प्रबंध निदेशक श्यामसुंदर ने महिला दिवस की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। इस दौरान मेहंदी, रंगोली, नृत्य, वाद-विवाद, चम्मच दौड़, कुर्सी दौड़ आदि प्रतियोगिताएं हुई। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एस.एन. शर्मा, मीनू, आशा, अनिता, संदीप, प्रशान्त, दीपक आदि मौजूद थे।



राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा महिला दिवस पर आयोजित रंगोली प्रतियोगिता

**08-03-2017**

**महिला सशक्तिकरण पर कार्यशाला : अजमेर** राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान और ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को महिला अधिकार और सशक्तिकरण पर कार्यशाला हुई। कंवलाई, दौलतखेड़ा, भीमपुरा, किल्ला गांव में आयोजित कार्यशाला में महिला अधिकार जागरुकता, हस्ताक्षर अभियान, जागरुकता रैली निकाली गई।

**22-09-2017**

## शाला गणवेश एवं पाठ्य सामग्री वितरित

मदनगंज-किशनगढ़. बरना के राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक स्कूल की बालिकाओं को राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान व ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में 205 बालिकाओं को शाला गणवेश व शिक्षण सामग्री वितरित की गई। संस्थान की ओर से स्कूल में 40 फलदार पौधे लगाए गए। स्कूल में पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी एस.एन. शर्मा, मृदुला जैन, शिवराज, सुरेन्द्र, श्रवण, संतोष, विमला, श्यामसुंदर, दिलीप सांखला आदि ने सहयोग किया।

**14-08-2015**

Rajasthan Samragh Kalyan Sansthan
// सर्वे भवन्तु सुखिन: //
RSKS India

# पंजाब केसरी

GlobalGiving

## डिजाइनर बेग मेकिंग प्रशिक्षण शुरू

अजमेर,(विनीत लोहिया): राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान एवं ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में माकड़वाली में सोमवार को बेग मेकिंग का प्रशिक्षण प्रदान किया गया जिसमें 30 स्कूली ड्रॉप आउट महिलाओं/बालिकाओं को नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है प्रभारी संदीप शर्मा के अनुसार पंचायत समिति के सदस्य कमल शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में महिलाओं से अपील की कि इस तरह के आयोजनों से वे अपने भविष्य को बेहतर बनाएंगे। प्रशिक्षण में जूट बेग, लेडिज फेंसी बेग, रेगजीन बेग, स्कूल बेग, कपड़े के बेग एवं अन्य सामग्रियों को तैयार करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

**10-10-2017**



नि:शुल्क वितरित मशीनों के साथ महिलाएं।

## महिलाओं को नि:शुल्क सिलाई मशीन बांटी

अजमेर,(विनीत लोहिया): राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान एवं ग्लोबल गिविंग के संयुक्ततत्वावधान में सोमवार को माखुपुरा में आजीविका विकास के लिए 'किरण' कार्यक्रम के तहत 9 जरूरतमंद महिलाओं को नि:शुल्क सिलाई बांटी गई। संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एस एन शर्मा के अनुसार समारोह की मुख्य अतिथि माखुपुरा वार्ड पार्षद गीताजंलि एवं विशिष्ठ अतिथि करणसिंह थीं। समारोह की अध्यक्षता संस्थान परियोजना अधिकारी दीपक शर्मा ने की। सिलाई मशीन वितरण से पहले इन महिलाओं को पांच माह का गारमेन्ट मेकिंग कौशल विकास प्रशिक्षण भी दिया गया।

**25-07-2017**

## कंवलाई ग्राम में नि:शुल्क पाठशाला शुरू

अजमेर,(विनीत लोहिया): पीसांगन पंचायत समिति के गांव कंवलाई में राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान एवं ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए नि:शुल्क पाठशाला का शुभारंभ किया गया। संस्था के प्रवक्ता एस एन शर्मा के अनुसार इस क्षेत्र में नि:शुल्क पाठशाला खोला जाना अनुकरणीय है। इससे निर्धन छात्र-छात्राओं को शिक्षा की सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर गांव खोरी की सरपंच पिंकी मेघवंशी व वार्ड पंच रत्न कंवर ने फीता काटकर स्कूल का उद्घाटन किया।

**21-04-2017**

## निर्धन छात्राओं को शिक्षण सामग्री वितरित



स्कूल की छात्र-छात्राएं पाठ्य सामग्री के साथ।

अजमेर,(विनीत लोहिया): राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान एवं ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को भांवता स्थित राजकीय बालिका प्राथमिक विद्यालय में निर्धन छात्राओं को शिक्षण सामग्री नि:शुल्क वितरित की गई। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एस एन शर्मा के अनुसार शाला प्रधान रतनलाल गुर्जर के नेतृत्व में सामग्री वितरण के साथ-साथ पोस्टर प्रतियोगिता एवं पौधरोपण भी आयोजन किया गया।

**18-09-2017**

## 16 छात्र-छात्राओं को पाठ्य पुस्तक सामग्री वितरित

अजमेर,(विनीत लोहिया): राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान एवं ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को राजकीय बालिका प्राथमिक विद्यालय डुंगरियाकलां में शिक्षा विकास के लिए अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एस एन शर्मा ने बताया कि कक्षा 4 के 16 छात्र-छात्राओं को पाठ्य पुस्तक सामग्री वितरित की गई। साथ ही हिन्दी पखवाड़ा सप्ताह के अतंर्गत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन शाला प्रधान राजकुमारी मकिजा ने किया।

**20-09-2017**

Rajasthan Samragh Kalyan Sansthan

// सर्वे भवन्तु सुखिन //

RSKS India

# पंजाब केसरी

GlobalGiving

## महिला सशक्तिकरण कार्यशाला आयोजित

अजमेर,(विनीत लोहिया): राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान एवं ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में महिला अधिकारों के प्रति जागरूकता कैंप का आयोजन पीसांगन ब्लॉक में किया गया जिसमें महिला अधिकारों के प्रति जागरूकता अभियान, हस्ताक्षर अभियान व रैली का आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने महिलाओं के सामने अपने विचार रखे व महिला पर्यवेक्षक आशा माथुर ने बेटी शिक्षा को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

**22-09-2017**

## महिलाओं के लिए स्कूल उड़ान का हुआ संचालन

अजमेर,(विनीत लोहिया): चन्दबरदाई नगर स्थित राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान के तत्वावधान में पीसांगन ब्लॉक के आदर्श ग्राम भांवता में महिलाओं के लिए स्कूल उड़ान का संचालन किया जा रहा है। इसमें महिलाओं को शिक्षा से जोड़ने और उनके बेहतर भविष्य बनाने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। संस्था के प्रवक्ता एस एन शर्मा के अनुसार ग्राम भांवता में स्कूल उड़ान के प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है जहां अलग-अलग गांवों में उन महिलाओं को शिक्षा से जोड़ना और उनके बेहतर भविष्य बनाने के प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने बताया कि संस्था के इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अशिक्षित महिलाओं को सरल माध्यम से साक्षर करके माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से आठवीं कक्षा की परीक्षा दिलवाकर अंकतालिका प्रदान करवाना है। संस्था की ओर से निःशुल्क शिक्षण सामग्री गरीब महिलाओं को दी जा रही है।

**16-12-2016**

## लैंगिक समानता पर कार्यशाला आयोजित

अजमेर (कौशल जैन) : महिला हिंसा उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत लैंगिक समानता पर कार्यशाला का आयोजन राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान एवं ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया, जिसमें 150 से अधिक महिलाओं, बालिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में दीपक शर्मा व वक्ता एस.एन. शर्मा ने अपने विचारों को साझा किया। न्होंने महिलाओं, बालिकाओं को लैंगिक समानता, महिला हिंसा रोकथाम, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं, कन्या भ्रूण हत्या जैसे विषयों पर जागरूक किया।

**05-08-2017**

## हस्तकला स्वरोजगार प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ

अजमेर,(नेमीचंद तम्बोली): महिलाओं के कला विकास व सशक्तिकरण के लिए राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान एवं ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में मांगलियावास में 2 माह के हैंडीक्राफ्ट स्वरोजगार प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ शुक्रवार को मांगलियावास सरपंच रामदेव ने किया। मुख्य अतिथि की ओर से इसमें प्रशिक्षण ले रही महिला-बालिकाओं को स्वरोजगार से आजीविका का विकास करने की अपीत की। संस्था की तरफ से हैंडीक्राफ्ट प्रशिक्षण शिविर के शुभारंभ के अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों के लिए खेलकूद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें म्यूजिकल चेयर, माइंड गेम, दौड़, प्रश्नोत्तरी, चम्मच रेस व अन्य खेल हुए। इसमें संस्थान के मास्टर ट्रेनर चन्दू गिरी, समन्वयक संदीप शर्मा, मांगलियावास के सरपंच, उपसरपंच, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, वार्ड पंच सहित कस्बेवासी उपस्थित थे।

**02-01-2016**

## लाडो का अधिकार अभियान 9 गांवों में शुरू

अजमेर,(विनीत लोहिया): बाल विवाह उन्मूलन के प्रति समाज में जागरूकता पैदा करने के लिए जिले के 9 गांवों में लाडो का अधिकार अभियान का शुभारंभ मंगलवार को किया गया। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान के प्रवक्ता एन एन शर्मा के अनुसार आखातीज पर होने वाले संभावित बाल विवाह की रोकथाम व जागरूकता के लिए यह अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत कवलाई, देवनगर, खोरी, आम्बा, मशीनिया, नातूथला में अभियान चलाकर इनके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों को रोड शो, कठपुतली, लोक गीत एवं नाटकों के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। यह अभियान दीपक शर्मा व संजीव शर्मा द्वारा किया जा रहा है।

**26-04-2017**

## 205 छात्राओं को शिक्षण सामग्री वितरित

अजमेर,(विनीत लोहिया): निकटवर्ती ग्राम बरना की राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय की 205 बालिकाओं को राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान एवं नोबल गिविंग फाउंडेशन के तत्वावधान में पोशाक एवं शिक्षण सामग्री वितरित की गई। शाला प्रधान मृदुला के अनुसार वितरित सामग्रियों में हेयर रिबन, स्कूल बेग, स्कूल ड्रेस, पानी की बोतल, स्टेशनरी किट, नोट बुक शामिल हैं। इस अवसर पर संस्थान द्वारा विद्यालय परिसर में 40 फलदार पौधों को भी लगाया गया।

**07-08-2017**

Rajasthan Samragh Kalyan Sansthan
// सर्वे भवन्तु सुखिन //
RSKS India

# पंजाब केसरी

GlobalGiving

## प्रशिक्षण का समापन



अजमेर। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान व ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन द्वारा सुन्दरनगर में संचालित दो माह के ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का समापन मंगलवार को हुआ। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एस.एन. शर्मा ने प्रशिक्षण के तहत हुए कार्यक्रम की जानकारी दी। कार्यक्रम में मेहंदी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

**05-10-2016**

## पाठ्य सामग्री बांटी

अजमेर। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान व ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को भांवता स्थित राजकीय बालिका प्राथमिक स्कूल में निर्धन बच्चों को पाठ्य सामग्री का वितरण दीपक शर्मा की अध्यक्षता में हुआ। संस्था के कार्यकारी अधिकारी एस.एन शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता व पौधारोपण कार्यक्रम भी हुआ।

**13-09-2017**

## बैग मेकिंग प्रशिक्षण शुरू




अजमेर। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान एवं ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में माखुपुरा में युवा महिलाओं व बालिकाओं के लिए निःशुल्क 2 माह का बैग मेकिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार से प्रारम्भ हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्षद व अधिवक्ता गीतांजलि राठौड़ व करण सिंह रावत रहे। अध्यक्षता संस्थान के प्रोजेक्ट ऑफिसर संदीप शर्मा ने की। संस्था के मुख्य कार्यकारी एस.एन. शर्मा ने बताया की बैग मेकिंग प्रशिक्षण शिविर में 30 स्कूल ड्रॉप आउट व वंचित समुदाय की महिलाओं व बालिकाओं को कैनवास, जूट, कपड़े व रेगजीन बैग बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

शिविर का उद्देश्य महिलाओं व बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। कार्यक्रम में मास्टर प्रशिक्षक मीनू, संस्थान कार्यकर्ता दीपक शर्मा, गोपाल गिरी आदि का सहयोग रहा।

**02-05-2017**

## राहत सामग्री का वितरण

अजमेर। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान की ओर से बुधवार को बाड़मेर के धोरीमन्ना व चेनपुरा के बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री का वितरण किया गया। संस्था के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एस.एन. शर्मा ने बताया कि यहां बाढ़ से लोगों को काफी नुकसान हुआ था। इन गांवों में आज शिविर लगाकर पीड़ितों को राहत सामग्री किट, मच्छरदानी व कम्बल बांटे गए।

**28-09-2017**

## महिलाओं को सिलाई मशीनें वितरित



अजमेर। माखुपुरा स्थित राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान एवं ग्लोबल गिविंग के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को नौ महिला प्रशिक्षार्थियों को सिलाई मशीन वितरित की गई। संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एस.एन. शर्मा ने बताया कि पांच माह के गारमेंट मैकिंग प्रशिक्षण के तहत प्रशिक्षणार्थियों को निःशुल्क सिलाई मशीनें दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्षद गीतांजलि व विशिष्ट अतिथि परियोजना अधिकारी दीपक शर्मा थे।

**25-07-2017**

Rajasthan Samragh Kalyan Sansthan

// सर्वे भवन्तु सुखिन //

RSKS India

# पंजाब केसरी

GlobalGiving



## गर्म वस्त्र और शिक्षण सामग्री बांटी

अजमेर। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान व ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन की ओर से बुधवार को भांवता के आंगनबाड़ी केंद्र दो में गरीब बच्चों को स्वेटर, जूते, मौजे, दस्ताने व शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्था के सीईओ एस.एन. शर्मा, दीपक शर्मा, उपसरपंच गोपाल, कार्यकर्ता प्रेम कंवर आदि मौजूद रही।

**19-01-2017**

## नि:शुल्क सिलाई मशीन वितरण

अजमेर। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान एवं ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन



के तहत राजगढ़, अर्जुनपुरा व दौराई गांव में निर्धन महिलाओं को बीस नि:शुल्क सिलाई मशीन का वितरण किया गया। संस्थान के मुख्य कार्यकारी एस.एन. शर्मा ने बताया कि राजगढ़ व अर्जुनपुरा सरपंच रामदेव ने हिंसा से पीड़ित, जरूरतमंद, सिंगल महिला, परित्यक्ता, विधवा व निर्धन महिलाओं को 20 मशीनें वितरित की। कार्यक्रम का संचालन संदीप शर्मा व दीपक शर्मा ने किया।

**14-04-2017**

## ड्रेस व स्टेशनरी वितरित



अजमेर। अर्जुनपुरा जागीर में राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान एवं ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन के तहत स्कूल चले हम प्रोजेक्ट के अन्तर्गत शनिवार को आंगनबाड़ी में 40 बच्चों को यूनिफॉर्म व स्टेशनरी वितरित की गई। कार्यक्र म की अध्यक्षता महिला पर्यवेक्षक आशा माथुर व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता किरण ने की। मुख्य अतिथि महिला व बाल विकास विभाग की उपनिदेशक अनुपमा टेलर, सरपंच रामदेव व विशिष्ट अतिथि बलवीर सिंह ने बच्चों को आंगनबाड़ी से जोड़ने का संकल्प दिलाया। संस्था की मुख्य कार्यकारी अधिकारी एस.एन. शर्मा ने बच्चों को यूनिफॉर्म वितरित की। कार्यक्रम का संचालन संस्था के प्रोग्राम मैनेजर दीपक शर्मा ने किया।

**16-04-2017**

## स्नेहमिलन समारोह मनाया

अजमेर। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान व ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन का दीपावली स्नेह मिलन समारोह भांवता में संचालित पाठशाला में मनाया



गया। जिसमें बुजुर्ग महिलाओं को खाद्य सामग्री का वितरण किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुआ। संचालन दीपक शर्मा ने किया। अतिथि के रूप में वार्ड पंच मुरलीधर उपस्थित थे।

**26-10-2017**

## पाठ्य सामाग्री का वितरण

अजमेर। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान एवं ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन की ओर से मंगलवार को डुंगरिया कलां स्थित राजकीय बालिका स्कूल में पाठ्य सामाग्री वितरण की गई। इस अवसर पर हिंदी पखवाड़े के तहत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसके विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। संस्था के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एस.एन. शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता समन्वयक दीपक शर्मा ने की। संचालन शाला प्रधान राजकुमारी मकिजा ने किया।

**20-09-2017**

## महिलाएं हो रही हैं साक्षर



अजमेर। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान व ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन द्वारा आदर्श ग्राम भांवता में स्कूल उड़ान के तहत महिलाओं को साक्षर किया जा रहा है। संस्था के एस.एन. शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण के तहत महिलाओं को शिक्षा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

**16-12-2016**

Rajasthan Samragh Kalyan Sansthan

// सर्वे भवन्तु सुखिन //

RSKS India

# पंजाब केसरी

GlobalGiving



## महिलाओं को दी अधिकारों की जानकारी

अजमेर। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान एवं ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन के तहत सोमवार को लामाना ग्राम में महिला अधिकारों के प्रति जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। सरपंच मागू सिंह ने महिलाओं को उनके अधिकारों से अवगत कराया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एस.एन.शर्मा ने बताया बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान व रैली निकाली। इस मौके पर संदीप, दीपक, तेजाराम, कांता देवी, याचिना, सुमन आदि उपस्थित थी।

**20-09-2017**

## बैग मेकिंग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

अजमेर राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान एवं ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में माकड़वाली में सोमवार को डिजाइनर बैग मेकिंग कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। संस्था के कार्यकारी अधिकारी एस.एन. शर्मा ने बताया कि इसमें 30 स्कूल ड्रॉप आउट बालिकाओं व महिलाओं को नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें मास्टर ट्रेनर मीनू, मंजरी फाउंडेशन की सदस्य अनीता व संस्था के कार्यकर्ता दीपक का सहयोग रहेगा।

**10-10-2017**

## उड़ान का शुभारंभ

अजमेर। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान एवं ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन द्वारा बच्चों व महिलाओं के लिए पाठशाला उड़ान का शुभारंभ किया गया। एस.एन. शर्मा ने बताया कि पाठशाला के माध्यम से महिलाओं को शिक्षित किया जाएगा। पाठशाला का शुभारंभ भावता सरपंच गिरधारी सिंह द्वारा किया गया।



**29-04-2017**

राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान- संस्थान की ओर से नन्हे मुन्नों के साथ जश्न मनाया गया। मुख्य अतिथि वार्ड पंच मुरलीधर जांगिड़ ने ध्वजारोहण किया। बच्चों ने देशभक्ति गीत, कविता व भाषण दिए। संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एस.एन. शर्मा ने बताया कि संस्थान की ओर से खानपुरा में ब्यूटिशियन, राजगढ़ में इलेक्ट्रीशियन व पहाड़गंज में हैण्डीक्राफ्ट व्यावसायिक स्कूलों में भी स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।

**17-08-2017**

## बैग मेकिंग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

अजमेर राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान एवं ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में माकड़वाली में सोमवार को डिजाइनर बैग मेकिंग कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। संस्था के कार्यकारी अधिकारी एस.एन. शर्मा ने बताया कि इसमें 30 स्कूल ड्रॉप आउट बालिकाओं व महिलाओं को नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें मास्टर ट्रेनर मीनू, मंजरी फाउंडेशन की सदस्य अनीता व संस्था के कार्यकर्ता दीपक का सहयोग रहेगा।

**10-10-2017**



नसीराबाद। भवानीखेड़ा में नि:शुल्क हेण्डीक्राफ्ट आइटम शिविर में मौजूद संभागी।
-शैलेन्द्र गोयल

## महिलाओं को नि:शुल्क प्रशिक्षण

नसीराबाद। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने व स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन के माध्यम से बालिकाओं एवं महिलाओं को एक माह का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मुकेश कुमार ने बताया कि भवानीखेड़ा में 35 महिलाओं एवं बालिकाओं को कॉर्डिनेटर संदीप शर्मा, सीईओ एस.एन. शर्मा के नेतृत्व में सोनाली जैन प्रशिक्षण दे रही है।

**26-04-2016**

Rajasthan Samragh Kalyan Sansthan

// सर्वे भवन्तु सुखिन //

RSKS India

GlobalGiving

# आधुनिक राजस्थान

## महिला हिंसा के खिलाफ जागरुकता अभियान

**अजमेर।** विश्व प्रसिद्ध पुष्कर मेले में राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा महिला हिंसा के खिलाफ उन्मूलन अन्तर्राष्ट्रीय दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय जागरुकता अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें पुष्कर मेलार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। संस्थान के मुख्य कार्यकारी दीपक शर्मा के अनुसार राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान के कार्यकर्ताओं ने विगत 2 सप्ताह से ''भारत में महिला हिंसा के खिलाफ जागरुकता अभियान'' वृहद् स्तर पर सोशल मीडिया व जमीनी स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में पुष्कर मेले में दहेज प्रथान, बाल विवाह, महिला अधिकार महिला हिंसा व उत्पीडन, मानवाधिकार विषय पर मेले में भाग लेने आए मेलार्थियों को जागरुकता संदेश दिया। साथ ही देशी व विदेशी लोगों ने अभियान में सेल्फी के द्वारा सहयोग दिया। मेला ग्राउण्ड में आए मेलार्थियों व पशुपालकों को 50 फीट के बैनर द्वारा अभियान से अवगत कराया गया। मेले में 122 देशी-विदेशी मेलार्थी सेल्फी द्वारा महिला हिंसा रोकथाम अभियान का हिस्सा बने व अभियान का सहयोग दिया। 31 दिसम्बर तक संस्थान द्वारा अलग-अलग जगहों पर जागरुकता अभियान का आयोजन किया जाएगा।

**27-11-2015**

## संस्थान द्वारा पाठशाला व उड़ान का उदघाटन

अजमेर। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान एवं ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में बच्चों एवं महिलाओं के लिए पाठशाला व उड़ान नाम से स्कूल की शुरूआत की गयी। संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एस एन शर्मा जी के अनुसार संस्था द्वारा प्रत्येक गाँव को शिक्षित करने के लक्ष्य से छोटे बच्चों के लिए पाठशाला व महिलाओं जो शिक्षा से वंचित रह गयी हैं उनके लिए उड़ान के माध्यम से शिक्षित करना व संस्था का लक्ष्य हैं सभी महिलाओं को 8वीं पास कराकर शिक्षित करना व उनके भविष्य को उज्जवल करना पाठशाला के माध्यम से छोटे बच्चों को शिक्षा देकर उनके आने वाले भविष्य को सफल बनाना साथ ही उड़ान के माध्यम से वे महिलाये जो शिक्षा मे वंचित रहे चुकी उनको उड़ान के माध्यम से 8वी पास कराकर उनके बेहतर कल की ओर एक कदम बढ़ाना।

कार्यक्रम का उदघाटन भावता सरपंच गिरधारी [illegible] जी व वार्ड पंच मुरली जी के द्वारा [illegible] किया गया साथ ही [illegible] को लाभांवित [illegible] कार्यक्रम का संचालन [illegible] की शिक्षक [illegible] का योगदान सराहनीय रहा।

**29-11-2016**

## न्यूज इन बॉक्स

### आंगनबाडी में वितरित की गयी शिक्षण सामग्री

अजमेर। भावता में राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान व ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन के तत्वाधान में भावता की आंगनबाड़ी केंद-2 शिव मंदिर के पास में गरीब बच्चों को स्वेटर, जूते, मौजे, ग्लव व अन्य शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्रोग्राम मैनेजर दीपक शर्मा ने की कार्यक्रम में उप सरपंच गोपाल जी व ग्राम सेवक जी व महिला पर्वेक्षक रेखा चौधरी जी व वार्ड पंच मुरली जी ने दीप प्रजवलित व सरस्वती जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुभारंभ किया कार्यक्रम में 15-20 बच्चों को ये सामान वितरित किया गया जिसे पाकर बच्चे कॉफी उत्साहित लगे। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एस एन शर्मा जी के अनुसार इस तरह के इस ठंड में छोटे व गरीब बच्चों को संस्थान की और से एजुकेशन मेटीरियल व सर्द ड्रेस का वितरण किया गया जिससे व इस ठंड में पूरी तरह से सुरक्षित रह सके व नियमित रूप से आंगनबाडी में आये इस तरह के आयोजन संस्था समय-समय पर करती रहती हैं जिससे शिक्षा में ये बाधा न बने व बीमारियों से छोटे-छोटे बच्चे सुरक्षित रहे संस्था कार्यकर्ता रवि, आंगनबाडी केंद्र की कार्यकर्ता प्रेम कवर जी का योगदान सराहनीय रहा।

**19-01-2017**

## महिला हिंसा के खिलाफ रैली व हस्ताक्षर अभियान का आयोजन

अजमेर। गाँव अर्जुनपुरा (गद्दी) में राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान एवं ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन के द्वारा महिलाओं के हितों रक्षा व महिलाओं को हिंसा मुक्त करने के लिये आगनबाडी केंद्र से लेकर पुरे गाँव में जागरूकता अभियान के तहत रैली निकाली गयी जिसमें गाँव की महिलाओं ने बढ-चढकर भाग लिया व पूरे गाँव को जागरूक करने के उद्देश्य से महिलाओं ने रैली के माध्यम से ना[illegible] लगाते हुए गाँव के ग्रामवासियों को जागरूक किया साथ ही गाँव के माध्यम से हस्ताक्षर अभियान के तहत हस्ताक्षर कर महिला हिंसा के खिलाफ अभियान को सफल बनाया। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एस एन शर्मा के अनुसार हर सफल पुरूष के पीछे एक महिला का हाथ होता हैं ऐसे ही माँ से बडा कोई रिश्ता नहीं हैं जब हर जगह महिलाओं को इतना सर्वाच्च पद मिल[illegible] हैं तो फिर हिंसा कैसे? इसी सोच को बदलने के लिए संस्था ने जगह-जगह इस तरह के जागरूकता अभियान चला रखे हैं जिसके माध्यम से लोगो में जागरूकता अयो[illegible] इस कार्यकम को सफल बनाने के लिए संस्था के प्रोग्राम मैनेजर दीपक शर्मा [illegible] कार्यकारी रवि व आगनबाडी कार्यकर्ता किरण कवर का योगदान सराहनीय रहा।

**20-12-2016**

# हौसलों की उड़ान


## महिला हिंसा के खिलाफ जागरुकता अभियान

**अजमेर।** विश्व प्रसिद्ध पुष्कर मेले में राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा महिला हिंसा के खिलाफ उन्मूलन अन्तर्राष्ट्रीय दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय जागरुकता अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें पुष्कर मेलार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। संस्थान के मुख्य कार्यकारी दीपक शर्मा के अनुसार राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान के कार्यकर्ताओं ने विगत 2 सप्ताह से ''भारत में महिला हिंसा के खिलाफ जागरुकता अभियान'' वृहद् स्तर पर सोशल मीडिया व जमीनी स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में पुष्कर मेले में दहेज प्रथान, बाल विवाह, महिला अधिकार महिला हिंसा व उत्पीडन, मानवाधिकार विषय पर मेले में भाग लेने आए मेलार्थियों को जागरुकता संदेश दिया। साथ ही देशी व विदेशी लोगों ने अभियान में सेल्फी के द्वारा सहयोग दिया। मेला ग्राउण्ड में आए मेलार्थियों व पशुपालकों को 50 फीट के बैनर द्वारा अभियान से अवगत कराया गया। मेले में 122 देशी-विदेशी मेलार्थी सेल्फी द्वारा महिला हिंसा रोकथाम अभियान का हिस्सा बने व अभियान का सहयोग दिया। 31 दिसम्बर तक संस्थान द्वारा अलग-अलग जगहों पर जागरुकता अभियान का आयोजन किया जाएगा।

**27-11-2015**